विक्टर पब्लिक स्कूल सोसायटी, भर्थना (इटावा)

पत्रांक NOC/S-151/2014 दिनांक 31-05-2014

सेवा में,

श्रीमान् मण्डलीय संयुक्त शिक्षा निदेशक/सदस्य सचिव,
कानपुर मण्डल,
कानपुर। (उ०प्र०)

विषय :- सेन्ट केवलानन्द पब्लिक स्कूल, भर्थना (इटावा) को सेन्ट्रल बोर्ड ऑफ सेकेण्डरी एजूकेशन (सी०बी०एस०ई०) नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु अनापत्ति प्रमाण-पत्र प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदय,

आपको अवगत कराना है कि सेन्ट केवलानन्द पब्लिक स्कूल, भर्थना (इटावा) को सेन्ट्रल बोर्ड ऑफ सेकेण्डरी एजूकेशन (सी०बी०एस०ई०) नई दिल्ली से सम्बद्धता प्राप्त करना चाहता है। इस सम्बद्धता हेतु राज्य सरकार द्वारा निर्गत अनापत्ति प्रमाण-पत्र की आवश्यकता है। राज्य सरकार ने उक्त प्रमाण-पत्र प्रदान करने हेतु मण्डल स्तर पर समिति का गठन किया है, कानपुर मण्डल के लिये समिति मण्डलायुक्त कानपुर मण्डल अध्यक्ष जिलाधिकारी इटावा सदस्य तथा संयुक्त शिक्षा निदेशक कानपुर सदस्य हैं। उक्त के क्रम में सेन्ट केवलानन्द पब्लिक स्कूल, भर्थना (इटावा), सेन्ट्रल बोर्ड ऑफ सेकेण्डरी एजूकेशन (सी०बी०एस०ई०) नई दिल्ली से सम्बद्धता हेतु वांछित आवेदन शुल्क जमाकर अन्य समस्त आवश्यक प्रपत्रों सहित दो प्रतियों में आवेदन पत्र प्रस्तुत कर रहा है।

अतः आपसे अनुरोध है कि आवेदन पर कार्यवाही करते हुए विद्यालय को सेन्ट्रल बोर्ड ऑफ सेकेण्डरी एजूकेशन (सी०बी०एस०ई०) से सम्बद्धता हेतु शीघ्र अनापत्ति प्रमाण पत्र निर्गत करने की कृपा करें।

सधन्यवाद।

संलग्नक – आवेदन पत्र संलग्नकों सहित।

भवदीय,

(रोहन सिंह)
प्रबन्धक/मंत्री Secretary
विक्टर पब्लिक स्कूल सोसायटी Victor Public School Society
भर्थना (इटावा) Bharthana (Etawah)

प्रतिलिपि – निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

(1) श्रीमान् मण्डलायुक्त, कानपुर मण्डल, कानपुर।

(2) श्रीमान् जिलाधिकारी, इटावा।

Manager
Saint Kewalanand Public School
Bharthana (Etawah)

Saint Kewalanand Sr. Sec. Public School
PRINCIPAL
Bharthana-Etawah

Scanned with CamScanner